http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 117

प्रयागराज रविवार 12 जनवरी 2025

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रुपया

# 5 फरवरी दिल्ली का आपदा से मुक्ति दिवस है

## 'झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन' में बोले अमित शाह

नई दिल्ली,(एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के जेएलएन स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। गृह मंत्री ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गी–झोपड़ियों में गरीबों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र पत्थर का लकीर होता है। ये मोदी की गारंटी होती है, जिसको जमीन पर उतरना ही है। भाजपा का घोषणा पत्र आप–दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं होता। अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि आप–दा का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ होता है और हम जो कहते हैं वो करते हैं और हम वही कहते हैं जो कर सकते हैं। मैं आज यहां आपको ये कहने के लिए आया हूं कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं। आप दिल्ली को कई सारी आपदाओं से मुक्त करा सकते हैं और मेरी बात गांठ बांध कर जाना– 5 फरवरी.. दिल्ली का आप–दा से मुक्ति का



दिन है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने झुग्गीवासियों के दर्द, असुविधा और वादे तोड़ने के खिलाफ गुस्से को सुना है। उन्होंने आपकी सभी समस्याओं की एक सूची बनाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री मोदी को दी है। हमारा घोषणा पत्र आपको आपकी सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाएगा। बीजेपी का घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया, अन्ना हजारे जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता पर काबिज हुए और इन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि देश में भ्रष्टाचार की रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मैं आज कह रहा हूं आप पार्टी वालों– दिल्ली के आप आप–दा बने हो, दिल्ली की जनता के लिए आप–दा बने हो... यही नहीं, केजरीवाल आप पार्टी के लिए भी आप–दा बन गए हैं। क्योंकि जहां–जहां केजरीवाल जाते हैं, जहां–जहां सिसोदिया जाते हैं... दिल्ली वालों को शराब की बोतल दिखाई देती है। शाह ने कहा कि ये आप–दा 10 साल से दिल्ली के लिए डिजास्टर का काम कर रही है। पूरा देश कहां से कहां से पहुंच गया और दिल्ली और गर्त में चली गई। नल खोलो तो गंदा पानी, खिड़की खोलो तो बदबू, बाहर निकलो तो टूटी सड़क और छठ मनाओ तो स्नान न कर पाए.. ऐसी यमुना, और सड़कों पर गंदगी का ढेर... दिल्ली को नर्क बनाने का काम ये आप–दा ने किया है। रोहिणी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जिनके अपने घर शीशे के हों, उन्हें दूसरों को पत्थर नहीं मारने चाहिए। संजय सिंह पहले ये बताएं कि अरविंद केजरीवाल किसके घर में रह रहे हैं। आप खुद एक भ्रष्टाचार का पिटारा है। भ्रष्टाचार की जननी के रूप में आप इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल को तुरंत राजनीति से बाहर कर देना चाहिए।

## सीएम योगी ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश, बोले-

# राम हैं तो राष्ट्र है

### ● राम मंदिर की पहली वर्षगांठ



अयोध्या, संवाददाता। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ श्प्रतिष्ठा द्वादशीश के अवसर पर श्री राम मंदिर में पूजा की। इसके बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आज से एक साल पहले 500 साल का इंतजार खत्म कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि हर दिन औसतन 1.5 से 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। 2014 से पहले अयोध्या में बिजली नहीं थी। योगी ने कहा कि अयोध्या में साफ–सफाई नहीं थी। अयोध्या में कोई एयरपोर्ट नहीं था। लेकिन आज अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। अयोध्या में फोर–लेन और सिक्स–लेन सड़कें बनाई गई हैं। सरयू नदी के घाट देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम जाति, क्षेत्र, भाषा के आधार पर बंटे रहे तो सबसे पहले इसका खामियाजा धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा। हम सभी को एकजुट रहना चाहिए। एक साल पहले पीएम मोदी ने भी कहा था कि भगवान राम राष्ट्र के प्रतीक हैं. 'राम हैं तो राष्ट्र हैं, राष्ट्र हैं तो राम हैं।' राम मंदिर ट्रस्ट मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए अयोध्या में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगा। ये समारोह 11 से 13 जनवरी तक निर्धारित हैं। आम लोगों के साथ–साथ लगभग 110 वीआईपी, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 'भारत की लोक रानी' मालिनी अवस्थी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा; पार्श्व गायिका और राजनीतिज्ञ अनुराधा पौडवाल और कवि कुमार विश्वास सहित अन्य। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय उत्सव के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ राम कथा और राम लीला प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

## कन्नौज स्टेशन पर बड़ा हादसा, निर्माणाधीन लिंटर गिरा, कई लोगों के दबे होने की आशंका

कन्नौज, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर एक निर्माणाधीन इमारत शुक्रवार को ढह गई, जिसके मलबे में दर्जनों मजदूर दब गए। यह घटना तब हुई जब स्टेशन पर सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत दो मंजिला इमारत पर काम चल रहा था। हादसे के वक्त मौके पर करीब 35 कर्मचारी मौजूद थे। रेलवे, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों



के नेतृत्व में बचाव अभियान ने अब तक 23 श्रमिकों को मलबे से बचाया है। रेलवे बोर्ड के सदस्य सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि रेलवे की अमृत भारत योजना के तहत आज तीन स्टेशनों का चयन किया गया, जिसमें कन्नौज भी शामिल है। यहां एक निर्माणाधीन लिंटर गिर गया है। प्रशासन तुरंत हरकत में आया और सभी इलाकों के अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य किया। आगे की जांच चल रही है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब निर्माणाधीन छत की शटरिंग गिर गई।

## श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीराम विवाह महोत्सव, भरत मिलाप, राज्याभिषेक- जगतगुरू स्वामी डॉ. रामकमलदास वेदान्ती जी महाराज

### भक्ति वेदान्त शिविर में श्रीराम कथा आज से।

महाकुंभ नगर। जगतगुरू स्वामी डॉ. रामकमलदास वेदान्ती जी महाराज ने शनिवार को लोबर संगम मार्ग स्थित भक्ति वेदान्त शिविर पत्रकार वार्ता में बताया कि महाकुम्भ में बत्तीस दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारम्भ बारह जनवरी से शिविर में होगा। कथा बालकाण्ड, मंगलाचरण से शुरू होकर उत्तरकाण्ड समापन तक चलेगी। कथा के मध्य में श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीराम विवाह महोत्सव, भरत मिलाप, राज्याभिषेक की दिव्य झांकियां व महोत्सयों का भी समायोजन होगा। कथा के मध्य–मध्य विशिष्ट जगद्घ्गुरुओं, महापुरुषों व विशिष्ट अतिथियों का भी दर्शनलाभ प्राप्त होगा। भक्ति वेदान्त नगर काशी में प्रतिदिन बालभोग, भण्डारा का समायोजन रहेगा। कथा के अतिरिक्त महाकवि सम्मेलन, सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा भजन संध्या, उभरत्ती प्रतिभाओं द्वारा नाट्यमंचन व विशिष्ट प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। विक्लांगों के लिए उपयोगी उपकरण भी प्रदान किए जायेंगे। आदिवासी व पिछड़े वर्ग के बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। रात्रिकालीन सत्र में प्रतिदिन रासलीला का मंचन भी बरसाने के सुप्रसिद्ध मण्डली द्वारा किया जायेगा। शिविर में संपूर्ण माघ मास में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ लोक कल्याण की दृष्टि से किया जायेगा। भक्ति बेदान्त नगर खालसे का शुभारंभ ग्यारह जनवरी प्रातः नौ बजे समस्त अखाड़ों के सानिध्य में भव्य ध्वजारोहण से होगा। छब्बीस जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के शहीदों के परिवारों को भी सम्मानित किया जायेगा। शिविर में प्रकृतिबंदन, शिक्षाविध विदुषियों का भी सम्मेलन कराया जायेगा।



## कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री से असम की खनन त्रासदी की एसआईटी जांच कराने की अपील की

गुवाहाटी, एजेंसी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर असम में हुई खनन त्रासदी की एसआईटी से जांच की मांग की है। असम में इस त्रासदी में एक कोयला खदान में चार मजदूरों की मौत हो गई थी। गोगोई ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूर्वोत्तर राज्य में 'कानून को कड़ाई से नहीं लागू करने और स्थानीय मिलीभगत' के कारण 'अवैध




खनन बेरोकटोक जारी है।' दीमा हसाओ जिले के उमरांगसू में सोमवार को एक कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से नौ मजदूर फंस गए और अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए गये हैं। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने कहा, ''आज बचाव अभियान का छठा दिन है लेकिन दीमा हसाओ में अवैध कोयला खदान में फंसे कोयला खनिकों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। असम में अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है, क्योंकि कानून के कड़ाई से लागू नहीं किये जाने तथा स्थानीय मिलीभगत के कारण इसे बढ़ावा मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस त्रासदी की तत्काल एसआईटी जांच कराने की अपील की है।

# कलाग्राम में प्रदर्शित होगी गंगा अवतरण व कुम्भ की कहानी– अमिता प्रसाद

## केंद्रीय गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को कलाग्राम का उद्घाटन करेंगे।

महाकुम्भनगर। ''भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में संगम की रेती पर विशेष सांस्कृतिक गांव श्कलाग्रामश की स्थापना की गई है। 12 ज्योतिर्लिगों के आकार में तैयार अनोखे कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है।'' उक्त बातें अमिता प्रसाद सारभाई, संयुक्त सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रयागराज स्थित एनसीजेडसीसी के महात्मा गांधी कला विधिका में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। संयुक्त सचिव ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को शाम 04.15 बजे महाकुंभ मेला क्षेत्र में कलाग्राम का उद्घाटन व प्रेसवार्ता करेगें. श्रीमती सारभाई ने कहा कि कलाग्राम, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित, नागावासुकी क्षेत्र में भारद्वाज रोड पर 10 एकड़ से अधिक में विस्तृत एक सांस्कृतिक स्थल है, जिसे शिल्प, व्यंजन एवं संस्कृति सहित देश की मूर्त एवं अमूर्त धरोहर के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत को संवर्धित करने, संरक्षित करने एवं प्रदर्शित करने के लिए निर्मित किया गया है। कलाग्राम महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र बनेगा। इसमें विभिन्न राज्यों की लोक कलाएं, हस्तशिल्प, संगीत, नृत्य और प्रदर्शनियां प्रस्तुत की जाएंगी। कलाग्राम में देश भर के कोने–कोने से आए कलाकारों, शिल्पकारों एवं कलाविदों को उनकी असाधारण प्रतिभा एवं चिरकालिक परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक ही छत के नीचे लाने का प्रयास किया गया है, जहां प्रदर्शन, दृश्य एवं साहित्यिक कलाओं के लिए एक ही स्थान पर मंच प्रदान किया गया है। महाकुम्भ के 45 दिनों में, कलाग्राम, गंगावतरण एवं समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करने वाले अनुभव क्षेत्रों, महाकुम्भ के विभिन्न पहलुओं को समाहित करने वाले प्रदर्शनी क्षेत्रों, कारीगरों के कौशल, शास्त्रीय एवं लोक कलाकारों के मंत्रमुग्धकारी प्रदर्शन, सात्विक व्यंजनों की सुगन्धा, एवं यहाँ तक कि विशेष खगोल रात्रि के माध्यम से रात्रि के आकाश का अवलोकन करने के अवसर के माध्यम से एक गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। यहां बच्चों, युवाओं के लिए सेल्फी पांइट भी बनाया गया है। 635 फीट चौड़े एवं 54 फीट ऊँचे मुख्य प्रवेश द्वार से विस्मित होने के लिए तैयार रहें, जो शिल्प कौशल






का एक अद्भुत निर्माण है। 12 ज्योतिर्लिगों के आकार में तैयार अनोखे कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है। कलाग्राम मंच, चार धाम को अपनी पृष्ठभूमि के रूप में जीवन्त करता है। इसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों द्वारा निर्मित दो विशाल पट्टचित्र माँ दुर्गा एवं गणपति की कथा का वर्णन किया गया है। वही सात क्षेत्रों में हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और ब्रिक्री हेतु आकर्षक थीम पर आंगन बनाया गया है, जिसमें उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (छब्ब) विषयः दक्षेश्वर महादेव मंदिर, हरिद्वार, कला एवं शिल्पः नक्काशीदार लकड़ी की मूर्तियाँ, पीतल के शिव लिंगम, हाथ से बुने हुए ऊनी शॉल, रुद्राक्ष मालाएँ आदि। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ॅ(बब)विषयः ब्रह्मा मंदिर, पुष्कर कला एवं शिल्पः मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक राजस्थानी कठपुतलियाँ, टाई–डाई कपड़े, लघु चित्रकलाएँ आदि। 'पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (म्ब्ब) विषयः दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कोलकाता' ' कला एवं शिल्पः टेराकोटा मूर्तियाँ, बंगाल की कांथा– साड़ियाँ, जूट हस्तशिल्प, पट्टचित्र चित्रकला आदि। दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र ॅ(बब)विषयः आदि कुंभेश्वर मंदिर, कुंभकोणम☐ कला एवं शिल्पः पीतल के दीपक, पारंपरिक तंजौर चित्रकलाएँ, रेशम वस्त्र, हस्तनिर्मित मंदिर आभूषण आदि। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (छर्बब) विषयः कालभैरव मंदिर, उज्जैन ☐ कला एवं शिल्पः हाथ से चित्रित मध्य प्रदेश की जनजातीय कला, पत्थर की नक्काशी, मनका आभूषण, हस्तनिर्मित चंदेरी साड़ियाँ आदि। उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (छर्म्ब) विषयः कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी कला एवं शिल्पः बांस और बेंत के शिल्प, असमिया रेशम साड़ियाँ, हाथ से बने मुखौटे, जनजातीय आभूषण आदि। 'दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (ब्रबब)' श्री गंगा गोदावरी मंदिर, नाशिक☐ कला एवं शिल्पः पैठणी साड़ियाँ, वरली चित्रकला, हाथ से नक्काशीदार लकड़ी की कलाकृतियाँ, मिट्टी के बर्तन आदि । इसके अलावा सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों के प्रामाणिक व्यंजन व प्रयागराज के स्थानीय व्यंजन आकर्षण का केंद्र होगें। 'सांस्कृतिक महाकुंभ में दिखेगा विविधता में एकता का रंग–' आस्था की धरती पर सांस्कृतिक महाकुंभ का शुभारंभ 12 जनवरी से होगा। कलाग्राम में समूचे भारत की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, इसके लिए कलाग्राम, गंगा पण्डाल, झूसी, नागावासुकी एवं अरेल में विभिन्न मंचों पर 45 दिनों के लिए 14,632 कलाकार, संगीत नाटक अकादमी, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों एवं सीसीआरटी द्वारा आयोजित प्रस्तुतियों में, प्रत्येक दिन पद्म एवं एसएनए पुरस्कार विजेता दिग्गजों से लेकर उदीयमान युवा प्रतिभाओं, लोक नर्तकों की रंगारंग मण्डली, भावपूर्ण शास्त्रीय शैली एवं मनोरंजक सेलिब्रिटी प्रदर्शन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा मंचित नाट्य प्रदर्शन दर्शकों को मुग्ध करेंगे। कलाग्राम में कार्यक्रम पूर्वाहन 11रू00 बजे से सायं 7रू30 बजे तक तथा अन्य पण्डालों में सायं 4रू00 बजे से टात्रि 8रू00 बजे तक होगा। शिल्पकारों और व्यंजनकारों का होगा संगम– सांस्कृतिक महाकुंभ के तहत स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों से आए 84 शिल्पकार एवं 14 व्यंजनकार अपने–अपने स्टाल लगाएंगें। वही एनसीजेडसीसी, प्रयागराज से 14 शिल्पकार एवं 7 व्यंजनकार अपने स्टाल लगाएंगे। गंगा पंडाल में होगें स्टार कलाकार– त्रिवेणी मार्ग पर बने गंगा पंडाल में 31 स्टार कलाकारों का जमावड़ा होगा जो अपने प्रस्तुतियों से दर्शकों को आनंदित करेंगे। मुंबई, मणिपुर, दिल्ली, भुनेश्वर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पं बंगाल, हैदराबाद, कोलाकाता आदि विभिन्न राज्यों से कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देगें।

# अमृत कलश टाइम्स
हिन्दी दैनिक

प्रयागराज

प्रयागराज, रविवार 12 जनवरी 2025



## ज्ञान का प्रयोग करें- चंद्रिका दीदी


महाकुंभ नगर। हमारा चरित्र ही हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। स्वामी



विवेकानंद ने कहा था यदि उन्हें उज्ज्वल चरित्र के 100 युवा मिल जाएं तो वह पूरे भारत को बदल सकते हैं। वर्तमान में युवाओं को अपने तन मन और समय के महत्व को जान इसका सदुपयोग करना चाहिए। अगर हम इसका सही उपयोग करते हैं तो हमारे जीवन में प्रगति निश्चित है। उपरोक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज के युवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके चंद्रिका दीदी ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित युवा कुंभ के अवसर पर व्यक्त की। आयोजन ब्रह्माकुमारीज के सेक्टर 7, कुंभ मेला क्षेत्र स्थित पंडाल स्वर्णिम भारत ज्ञान कुंभ में हुआ।

## महाकुंभ मे सनातन धर्म संसद होगी।

प्रयागनगर। सनातन न्यास फाउंडेशन अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुर ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रमुख विषयों पर चिंतन मंथन के



लिए चारवी सनातन धर्म संसद का आयोजन २७ को महाकुंभ में किया जाएगा। संसद में सभी अखाड़ों के साथ, जगद्गुरु शंकराचार्य, प्रमुख संत, कथाकार, धर्माचार्यों, विद्वतजनों एवं सनातनी विचारकों के सानिध्य भाग लेगे। सभी प्रमुख संतों के शिविरों में जाकर धर्म संसद का निमंत्रण देते हुए सनातन बोर्ड में उनके सुझाव लिए जाएंगे। 36 राजनीतिक पार्टियों को भेजा था पत्र – सनातन न्यास फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में 16 नवंबर को हुई धर्म संसद में देश की 36 बड़ी राजनीतिक पार्टियों को सनातन बोर्ड पर समर्थन के लिए पत्र भेजे गए थे, लेकिन उन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## फ्री सेनेटरी पैड कॉर्नर' का उद्घाटन।

महाकुम्भ नगर। शनिवार को महाकुम्भ क्षेत्र में फ्री सेनेटरी पैड कॉर्नर



की पहली यूनिट का फीता काटकर उदघाटन परेड ग्राउंड स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल के निकट हुआ। उद्घाटन स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर कीर्तिका अग्रवाल एवं ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ डाक्टर विवेक मिश्रा ने किया।अभी 6 ऐसे कॉर्नर महा कुम्भ क्षेत्र में खोले जा रहे हैं बाद में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। इन कॉर्नर में 24 घंटे महिला कर्मी मौजूद रहेंगी और जरूरत मंद महिलाओं को सेनेटरी पैड निशुल्क उपलब्ध कराएंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2025/545 दिनांकः 08.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा सं0ः 230-क0वि0-कार्य ठेका-936-2025

कार्य का विवरणः प्रयागराज मंडल में एनसीसी कानपुर और एसएफडब्ल्यूएल प्रयागराज में वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए अतिरिक्त अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के कारण 25 केवी ओएचई संशोधन और विद्युतीकरण। (दूसरा आमंत्रण)

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत : रु. 24355838.77 | बिड सुरक्षा राशि : रु. 271800.00 |
| कार्य अवधि : 09 महीना | बोली प्रणाली : एक पैकेट |

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 30.01.2025, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 30.01.2025, 15:00 बजे

| | |
|---|---|
| एलोकेशनः कैपिटल | यूडब्लूआईडी नं0ः 060242243002 |

नोटः 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 51/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# पंचायती अखाड़ा निर्मल ने महाकुंभ नगर प्रवेश किया



महाकुम्भ नगर। सिखों के निर्मल अखाड़े श्रीपंचायती अखाड़ा निर्मल ने शनिवार को महाकुम्भ नगर प्रवेश किया। यात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी, हाथों में तलवार लिए पंच प्यारे चल रहे थे। अखाड़े के सचिव महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री ने बताया कि इस प्रवेश यात्रा में एक हजार से अधिक साधु संत शामिल हैं जिसमें अधिकतर संत सिक्ख समुदाय से आते हैं। संतो के पीछे–पीछे महिलाएं गुरुवाणी का पाठ और शबद कीर्तन करते हुए चल रहीं थी। छावनी प्रवेश में मां काली के रौद्र रूप को प्रदर्शित करने वाली झांकी भी कौतुहल का विषय बनी। सनातन धर्म के संन्यासी और वैरागी अखाड़ों में जहां वैभव और प्रदर्शन की झलक मिलती है तो वहीं इनके मध्य श्रीपंचायती अखाड़ा निर्मल अपनी सहजता, समता और सेवा भाव के लिए अलग पहचान दर्ज कराता है। इस पंथ में इसके दस गुरुओं ने अपने शिष्यों को सेवा और भक्ति का जो संदेश दिया वह भी निर्मल अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में दिखा। यात्रा में जहां एक तरह गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी चल रही थी वहीं उसके ठीक पीछे पंच प्यारे हांथ में तलवार लेकर चल रहे थे । इन सबके आगे सिक्ख समुदाय के सैकड़ों सेवादार स सड़क को धुलते अरब झाड़ू लगा रहे थे। विभिन्न स्थानों पर इस छावनी प्रवेश यात्रा का स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया।



From the beginning of our first-ever Sangam Ganga Aarti to the inaugural year of the Maha Kumbh Mela, this sacred gathering has been off to a truly beautiful and divine beginning. Pilgrims and devotees from all over the world have joined us for this historic occasion, coming together in unity, devotion, and celebration. During the Aarti, we offered prayers not only for the well-being and welfare of all beings but also for the relief and healing from the wildfires in Los Angeles, California, and the natural disasters affecting so many around the world due to climate change.From the holy banks of Maa Ganga, at the sacred confluence of the three rivers, our prayers, healing vibrations, and messages have flowed to every corner of the world—an inspiring testament to the power of collective humanity and the spirit of Vasudhaiva Kutumbakam: the world as one family.

# थीमेटिक लाइट दिखाएंगी महाकुम्भ जाने का रास्ता

प्रयागराज। प्रयागराज नगर निगम द्वारा शहर भर में लगाई गईं थीमेटिक लाइट – रात में रोशनी के साथ आध्यात्मिक अनुभूति देंगी ये लाइटें। शहर के सात पार्कों के बाहर बनाए गए ग्लो पार्क प्रयागराज की पावन धरा पर आए वो महाकुम्भ की दिव्य–भव्य अद्भुत और सुखद अनुभूति लेकर जाए... इस सोच के साथ प्रयागराज नगर निगम ने शहर को सजाया है । शहर को साफ रखने के लिए वृहद स्तर पर चाक–चौबंद व्यवस्थाएं करने के साथ शहर से मेला क्षेत्र को जाने वाली सड़कें थीमेटिक लाइट्स से सजाई गई हैं । ये थीमेटिक लाइट्स सिर्फ सजावट के लिए नहीं हैं, बल्कि ये महाकुम्भ 2025 में शामिल होने के लिए आने वाले दूर दराज के श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों को स्टेशन, एयर पोर्ट और बस अड्डे से मेला क्षेत्र तक जाने का रास्ता भी दिखाएंगी । 2 हजार से अधिक थीमेटिक लाइट्स से सजे 29 मार्ग नगर निगम आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि शहर भर के 29 मार्गों को 2 हजार से अधिक थीमेटिक लाइटों से सजाया गया है । इन लाइट्स को लगाने का मुख्य उद्देश्य रात के समय सड़कों पर पर्याप्त रोशनी रखना तो था ही साथ ही हम महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की भव्यता से परिचित कराना चाहते थे । नगर निगम चाहता था कि शहर को इस तरह से सजाया जाए कि शहर में आते ही श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुभूति हो । इसके लिए मॉर्टिफ़्स पर शंख, भगवान शिव के त्रिनेत्र, कलश, डमरू, मोर पंख, धनुष बाण सहित अन्य धार्मिक चिन्ह की थीमेटिक लाइट लगाई गई हैं । बदली गई पुरानी एलईडी लाइटें, बोलाड्स ने बढ़ाई खूबसूरती नगर निगम के अधिशासी अभियंता राधा कृष्ण लाल ने बताया कि इन लाइट्स की ख़ास बात यह है कि इन्हें शहर के मुख्य मार्गों से महाकुम्भ



क्षेत्र तक की सड़क के डिवाइडरों पर लगाया गया है । ताकि दूर दराज से आए लोग रात में इन लाइट्स के सहारे आसानी से मेला क्षेत्र तक पहुंच सके । खम्भों को जहाँ स्पाइरल लाइट से सजाया गया है, वहीं इन पर आर्कलिक शीट भी लगाई गई है । सुरक्षा के लिहाज से टेप भी लगाए गए हैं । शहर भर की सभी पुरानी एलईडी लाइट्स बदल दी गई हैं । बोलाड्स लाइट भी पार्कों के बाहर लगाई गई हैं, जिससे इनकी ख़ूबसूरती और बढ़ गई है। बच्चों को भा रहे ग्लो पार्क, सेल्फी पॉइंट पर लग रही भीड़ नगर निगम के अवर अभियंता राम सक्सेना ने बताया कि थीमेटिक लाइट्स के साथ शहर में ग्लो पार्क भी बनाए गए हैं । इन पार्क की खास बात यह है कि यहां लगे स्कल्पचर रात में चमकते हैं , इसलिए इन्हें ग्लो पार्क का नाम दिया गया है । इन ग्लो पार्क में हमने 18 तरह के स्कल्पचर लगाए हैं, रात में चमकते हिरण, यूनिकॉर्न, बतख, शेर, मोर खरगोश बच्चों को खूब भा रहे हैं । शहर की सुन्दरता देखने के लिए लोग रात में निकल रहे हैं और नगर निगम द्वारा बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर अपनों के संग सेल्फी ले रहे हैं । शहर के इन सात पार्कों के बाहर बनाए गए हैं ग्लो पार्क भारद्वाज पार्क नगर निगम पार्क चंद्रशेखर आज़ाद पार्क,हाथी पार्क,खुसरो बाग़,सर्किट हाउस पार्क,तिरंगा पार्क इन मार्गों पर लगी हैं थीमेटिक लाइट्स मार्ग थीमेटिक लाइट एम जी मार्ग शंखजी.टी. जवाहर से संगम पेट्रोल पंप मार्ग ओम संगम पेट्रोल पंप से फाफामऊ ब्रिज लखनऊ प्रयाग राज मार्ग शंख,त्रिशूल,कलश स्टेशन रोड सूरज,यमुना बैंक रोड धनुष रीवा रोड,नमस्ते अरैल रोड दीया मिर्जापुर मार्ग गणेश नवाब यूसुफ रोड त्रिनेत्र,हनुमान स्टेनली रोड त्रिशूल पी.डी. टंडन मार्ग धनुष,साधु,मोर पंख पी.डी. टंडन फ्लाई ओवर तराजू चौफटका फ्लाई ओवर डमरू कानपुर जी.टी. सड़क फुलझड़ी एयरपोर्ट रोड (जागृति चौराहा से टी–प्वाइंट स्टार एयरपोर्ट रोड (टी–प्वाइंट से आईआईआईटी चौराहा) डमरू एयरपोर्ट रोड (IIIT चौराहा से जीरो प्वाइंट) ओम नरूलाह रोड साधु आईईआरटी फ्लाईओवर हनुमान बख्शीबांध फ्लाई ओवर मोर पंख शास्त्री ब्रिज से अंदावा चौराहा वास्तिक पुरानी जीटी रोड (झूंसी साइट) मोर पंख अलोपी बाग फ्लाईओवर कलश न्यू बैरहना चौराहा से लेप्रोसी चौराहा तक नमस्ते राम बाग फ्लाईओवर कलश लीडर रोड फ्लाई ओवर स्टार अलोपी बाग फ्लाईओवर से शास्त्री ब्रिज तक साधु सीएमपी तिराहा से अलोपी बाग तिराहा तक।

## काव्य संग्रह कहानी संग्रह का लोकार्पण किया।



प्रयागराज। हिंदुस्तानी एकेडेमी के गांधी सभागार में सुपरिचित लेखक तेज प्रकाश की दो पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। काव्य संग्रह दूर तो नहीं क्षितिज तथा कहानी संग्रह अच्छा लग रहा है का लोकार्पण चितरंजन कुमार, रवि प्रकाश, तेज प्रकाश, अनुपम परिहार, ने किया। मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग सहायक आचार्य डॉ चितरंजन कुमार ने कहा की तेज प्रकाश ने अपनी दोनों पुस्तकों से साहित्य संसार को समृद्ध किया है।

## कश्यप ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

महाकुंभ नगर। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को महाकुंभ नगर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित दिव्य महाकुंभ 2025 प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह



प्रदर्शनी मेलाक्षेत्र के सेक्टर 7 में लगभग 5000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर मंत्री ने प्रदर्शनी में लगाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनके पीछे छिपी दिव्यांगजनों की अद्भुत प्रतिभा और कला की सराहना की। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और समाज में उनकी क्षमताओं को पहचान दिलाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में दिव्यांगजनों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों और उनके हुनर को प्रदर्शित किया गया है, जो न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि समाज को दिव्यांगजनों की शक्ति और उनकी क्षमता का अहसास भी कराते हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में मौजूद कलाकृतियों की जानकारी ली और दिव्यांगजनों के प्रयासों को सहारा। प्रदर्शनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिनके माध्यम से दिव्यांगजनों को अपनी कला और संस्कृति प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी के दौरान मंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक भाग लें और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान का भाव विकसित करें।

# कार्यकारी निदेशक संरक्षा ने किया स्टेशन का सेफ्टी ऑडिट

प्रयागराज।जनसंपर्क विभाग 11 जनवरी रेलवे प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल गाड़ियों के संरक्षित परिचालन,मेला यात्रियों की सुरक्षा एवं तीव्रगामी रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिये कार्यकारी निदेशक / संरक्षा रेल मंत्रालय,नई दिल्ली मुकुल कुमार द्वारा बनारस स्टेशन का सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण किया गया। इस दौरान बनारस स्टेशन के रूट रिले इंटरलाकिंग कक्ष,स्टेशन पैनल,रिले रूम, डाटा लॉगर,पॉइंट क्रासिंग,ब्लॉक हट,ब्लॉक यंत्र,वीडर काउन्टर, शंटिंग फेसिलिटी, स्टेबलिंग फेसिलिटी, रैक हैंडलिंग समेत संरक्षा से जुड़े उपकरणों एवं इन उपकरणों के क्रमिक अनुरक्षण की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेन्द्र पाल,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,संरक्षा विभाग के सभी काउंसलरों समेत सभी विभागों के वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे । इस दौरान उन्होंने बनारस स्टेशन पर रुट रीले इंटरलॉकिंग, सेंसर युक्त डाटा लॉगर,सेंसर युक्त फ़ाउलिंग मार्क,ट्रैक आक्यूपेशन डिटेक्शन,कलर लाइट सिगनल, रीले रूम, आई पी एस रूम एवं विद्युत वितरण प्रणाली बैटरी रूम, ,पॉइंट एण्ड क्रासिंग का गहन निरीक्षण किया और उपकरणों के समयबद्ध अनुरक्षण की जानकारी ली साथ ही बनारस में कार्यरत संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों का संरक्षा के प्रति ज्ञान परखा । संरक्षित यातायात प्रबंधन हेतु इंजीनियरिंग,सिगनल,ऑपरेटिंग विभाग के संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों की सक्षमता प्रमाण पत्र एवं पीरियाडिकल मेडिकल परिक्षण रिपोर्ट की जाँच की गयी । इसके साथ ही स्टेशन सेक्शन में संस्थापित बर्थिंग ट्रैकों, पॉइंट मशीनों,सिगनलों,पैदल उपरिगामी पूल की ऊँचाई एवं अप्रोच,प्लेटफार्म लेंथ क्लियरेंस ,फायर एलार्म,स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम,पॉइन्ट क्रासिंग तथा विभिन्न उपकरणों की फेल सेफ साइड प्रणाली आदि का गहन निरीक्षण करते हुए संरक्षा की समीक्षा की । अपने निरीक्षण के दौरान कार्यकारी निदेशक श्री मुकुल कुमार ने बनारस रेलवे स्टेशन पर लाइन नम्बर 26 पर पड़ने वाले मैन्युअल पॉइंट सं 112 का गेज परीक्षण किया साथ ही सभी पॉइंट्स पर हाउजिंग एवं फिलर की समय –समय पर पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग निरीक्षण कर जाँच करने और उसे प्राथमिकता देते हुए कम समय में दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि डिरेलमेंट की 80ः घटनाएं पॉइंट्स जोन में होतीं है इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा व्यपक स्तर पर ड्राइव चलकर पॉइंट्स जोन पर कड़ाई से रेक्टिफिकेशन कराया जा रहा है। उन्होंने बनारस स्टेशन से भारी संख्या में कुम्भ मेला स्पेशल गाड़ियों के संचलन हेतु शंटिंग की।


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062